
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 198 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**अपने अधिकारों में कटौती



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 10 नवंबर 2021



मौसम | अधिकतम 24.0° | न्यूनतम 14.0° | 40243.39

2 एक और वायरस ने दी यूरोप में दस्तक
7 कॉमेंट्री बॉक्स में वापसी को तैयार शास्त्री

# उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की बढ़ेगी पेंशन

## सीएम धामी ने स्थापना दिवस पर की कई अहम घोषणाएं

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के 22वें स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में रैतिक परेड का आयोजन किया गया। परेड की सलामी राज्यपाल लेफ्टि. जनरल(सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने ली। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन में बढ़ोतरी, हर जिले में एक महिला छात्रावास खोलने समेत कई अन्य अहम घोषणाएं की। उत्तराखंड सरकार ने राज्य स्थापना दिवस को उत्तराखंड महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह महोत्सव सप्ताहभर तक गांव से लेकर राजधानी तक चलेगा और इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम होंगे। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार शाम को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के सभी अमर शहीदों व आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रदेश की जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव और केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा लगभग एक लाख करोड़ रूपए की विभिन्न परियोजनाएं प्रदेश के लिए स्वीकृत की गई हैं। इनमें से बहुत सी परियोजनाओं पर काम हो गया है और अन्य पर काम तेजी से चल रहा है।



### राज्य स्थापना दिवस पर की गई घोषणाएं

- राज्य आंदोलन कारियों की पेंशन में वृद्धि, 3100 से बढ़ाकर 4500।
- हर जिले में एक महिला छात्रावास।
- 11 से 18 साल की छात्राओं के लिए निशुल्क स्वास्थय जांच व 104 पर निःशुल्क परामर्श।
- दून व हल्द्वानी में नशामुक्ति केंद्र की स्थापना।
- खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल नीति 2021 जल्द।
- देहरादून एवं हल्द्वानी में नशामुक्ति केंद्र की स्थापना की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी योजना है कि 2025 तक उत्तराखंड के प्रत्येक गांव को लिंक मार्गों के माध्यम से बड़े राजमार्गों और ऑल वेदर रोड से जोड़ सकें। जिससे पहाड़ों पर औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा सके और पलायन की समस्या से उत्तराखंड को मुक्ति दिलाकर पहाड़ की जवानी को पहाड़ के काम लाया जा सके। उन्होंने कहा कि विश्व के सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित सिखों के पवित्र धर्म स्थल हेमकुंड साहब को शीघ्र ही रोपवे से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही इसी योजना के अन्तर्गत 12 ज्योर्तिलिंगों में से एक केदारनाथ धाम तक केबल कार द्वारा पहुंचा जा सकेगा। राज्य सरकार नैनीताल में स्थित कैंचीध ाम के विकास के लिए भी काम कर रही है जिसके अंतर्गत 60 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्य किए जाए। राज्य सरकार आपदाओं का सामना त्वरित गति से करने के लिए संकल्पबद्ध है।

### रिवर्स पलायन को साकार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का पूरा कार्यकाल दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों के विकास को समर्पित रहा है। यह पहली सरकार है जिसने पलायन को गम्भीरता से लिया और रिवर्स पलायन को साकार करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश के लिए पर्यटन, आयुष व वेलनेस, आईटी, सौर ऊर्जा सहित सर्विस सेक्टर पर विशेष फोकस किया गया है। सीमांत तहसीलों के लिए ''मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना'' शुरू की है तथा सभी न्याय पंचायतों में क्लस्टर आधारित एप्रोच पर ग्रोथ सेंटर बनाए जा रहे हैं। वोकल फॉर लोकल पर आधारित ''एक जनपद दो उत्पाद'' योजना द्वारा स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की कोशिश की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने छठ पूजा पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छठ पूजा पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। छठ पूजा के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि ''सूर्योपासना का यह पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने का संदेश देता है। सूर्य की आराधना प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों की आराधना हैं। उन्होंने कहा कि लोक आस्था से जुड़ा यह महापर्व हमें सात्विकता तथा स्वच्छता का भी संदेश देता है।

### सीएम ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कचहरी परिसर देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा की हमारे राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप ही उत्तराखंड राज्य बना।

## राज्यपाल ने उत्तराखंड के 16 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

### परीक्षाओं में 99 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए किया सम्मानित

**संवाददाता**

देहरादून। राज्यपाल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में राज्य के लगभग 16 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप स्वयं में लीडर्स हैं। आपके परिवार, समाज, राज्य और देश को आपसे बहुत से अपेक्षाएं है। आप राष्ट्र का भविष्य है। दृढ़ संकल्प लेकर अपने लक्ष्य हासिल करें। आपकों विश्व का नेतृत्व करना है। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं से अपने जीवन के अनुभव सांझा किये तथा उनका उत्साहवर्द्धन किया।



गौरतलब है कि राज्यपाल गुरमीत सिंह ने प्रत्येक राज्य स्थापना दिवस पर राजभवन में मेधावी छात्र-छात्राओं तथा राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने की नई परंपरा का आज शुभारंभ किया है।

इस अवसर पर टिहरी जनपद से अभिषेक सेमवाल, हिमांशु रतूड़ी, चमोली जनपद से सिमरन नेगी, रुद्रप्रयाग जनपद से आदर्श भट्ट, आलोक भंडारी, गरिमा, जयश्री देहरादून जनपद से रोहित कुमार गुप्ता, जनपद पिथौरागढ़ से होशियार सिंह, हिमांशु राणा, लक्ष्मी खरायत को दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षाओं में 99 से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह की धर्मपत्नी गुरमीत कौर, शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी, आरके उनियाल, शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## फड़णवीस और नवाब मलिक के बीच बमबाजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। नवाब मलिक और देवेंद्र फडणवीस के बीच जुबानी जंग अब काफी तेज हो गई है। मंगलवार की सुबह जहां देवेंद्र फडणवीस ने नवाब मलिक के अंडरवर्ल्ड से संबंधों को लेकर कई डाक्यूमेंट्स मीडिया के सामने रखे। वहीं नवाब मलिक ने भी देवेंद्र फडणवीस का जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने जिस बम को फोड़ने की बात कही थी। वह फूटा ही नहीं बल्कि फुस्स हो गया। मलिक ने कहा कि मैं बुध ावार की सुबह 10 बजे देवेंद्र फडणवीस और उनके अंडरवर्ल्ड के कनेक्शन का हाइड्रोजन बम जरूर फोड़ूंगा।

**मेरी बेटी नोटिस भेज रही है:** नवाब मलिक ने देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा था कि मेरे दामाद के घर से ड्रग्स बरामद हुआ था। आप बयान देने के बाद माफी नहीं मांगते हैं। कल मेरी बेटी आपको नोटिस भेजेगी उम्मीद है। आप माफी न मानते हुए इस लड़ाई को जारी रखेंगे।

### जुबानी जंग

- मलिक ने कहा मेरा अंडरवर्ल्ड से कोई कनेक्शन नहीं

मलिक ने कहा कि मेरा किसी भी अंडरवर्ल्ड के व्यक्ति के साथ कोई कनेक्शन नहीं है। 62 साल के जीवन में आज तक मुझ पर कोई भी इस तरह का आरोप नहीं लगा सका है। नवाब मलिक ने कहा कि लगता है देवेंद्र फडणवीस के मुखबिर कच्चे खिलाड़ी हैं। अगर वे कहते तो मैं खुद उन्हें सारे दस्तावेज दे देता।

मलिक ने कहा कि जब पहली बार में शिवसेना-बीजेपी की सरकार के दौरान विधानसभा का उपचुनाव जीता था। तब मेरा कार्यालय उसी गोवावाला कंपाउंड में था और वहीं पर जश्न भी मनाया गया था। नवाब मलिक ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस अपने मुखबिरों की गलत जानकारियों की बदौलत मेरे ऊपर बेबुनियाद इल्जाम लगा रहे हैं। इसी तरह से स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे भी लोगों को अंडरवर्ल्ड और दाऊद के साथ जोड़ते थे।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## प्रदूषण से इंसानों में अवसाद बढ़ने का खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। भारत और पाकिस्तान इन दिनों वायु प्रदूषण के गंभीर खतरों का सामना कर रहे हैं। नई दिल्ली और आसपास के इलाकों में पिछले 5 दिनों से हवा का स्तर लगातार खतरनाक बना हुआ है।

प्रदूषण के मामले में पाकिस्तान के हालात भी भारत से बेहतर नहीं हैं। यूएस एयर क्वालिटी इंडेक्स ने हाल में ही जारी रिपोर्ट में लाहौर को दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर करार दिया है। इस बीच अमेरिका में हुए अपनी तरह के पहले अनुसंधान में पता चला है कि वायु प्रदूषण के कारण उन स्वस्थ लोगों के अवसादग्रस्त होने की प्रबल आशंका होती है।

### रिसर्च के डेटा से मिले चौंकाने वाले नतीजे

'पीएनएएस' नामक पत्रिका में सोमवार को प्रकाशित एक अनुसंधान के तहत दुनिया के 40 से ज्यादा देशों से प्राप्त वायु प्रदूषण संबंधी वैज्ञानिक आकंड़ों, न्यूरोइमेजिंग, मस्तिष्क संबंधी जीन के विवरण और अन्य आंकड़ों का संयोजन किया गया। अमेरिका के एलआईबीडी के हाओ यांग टान ने बताया कि ऐसा अध्ययन पहले कभी नहीं किया गया।